# न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर ग्रामीण

प्रकरण संख्या :—ग्रामीण 142/24

| प्रार्थी | बनाम | अप्रार्थी |
|---|---|---|
| मेंटर होम लोन्स इंडिया लिमिटेड मेंटर हाउस, गोविन्द मार्ग, सेठी कालोनी, जयपुर जरिये प्राधिकृत अधिकारी श्री सतीश कुमार गौतम | | • राजेन्द्र टाक पुत्र जस राज प्लॉट न. 1209, आकडिया बेरा, ग्राम पंचायत मंथानियॉ, जिला जोधपुर<br>• रेखा पत्नी राजेन्द्र टाक प्लॉट न. 1209, आकडिया बेरा, ग्राम पंचायत मंथानियॉ, जिला जोधपुर<br>• गेपर राम पुत्र माला राम आर/ओ भाईसर कुटाडी, ग्राम पंचायत मंथानिया, पंचायत समिति ओसिंया |

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर (ग्रामीण) राज. सत्यमेव जयते

**प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002**

**आदेश दिनांक :–16-12-2024**

**उपस्थिति :–**

**1–श्री विरेन्द्र सिंह इन्दा अधिवक्ता (प्रार्थीपक्ष)**

## आदेश

प्रार्थीपक्ष की ओर से यह प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अप्रार्थीगण राजेन्द्र टाक पुत्र जस राज व अन्य के विरूद्ध पेश हुआ।

प्रार्थना–पत्र के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी बैंक/वित्तीय कम्पनी के द्वारा अप्रार्थीगण को कुल राशि रूपये 9,00,000/–हाउसिंग ऋणसुविधा उपलब्ध कराई गई तथा पुनर्भुगतान हेतु अप्रार्थीगण **रेखा पत्नी राजेन्द्र टाक** की जायदाद **पटटा नंबर 60, ग्राम पंचायत**



जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर (ग्रामीण) राज.

**मंथानियॉ, पंचायत समिति ओसियां, जिला जोधपुर ग्रामीण जिसका क्षेत्रफल 2400 वर्गफीट, जिसके उत्तर में संतोक राम मकान, दक्षिण मे भॅवर राम का मकान, पूर्व में रोड एवं पश्चिम में भॅवर लाल का मकान आया हुआ,** को प्रार्थी बैंक/कम्पनी के पक्ष में रहन/हाईपोथिकेशन कर दिया। अप्रार्थीगण द्वारा नियमित रूप से प्रार्थी बैंक/कम्पनी को ऋण का भुगतान करने मे असफल रहने पर प्रार्थी द्वारा ऋण राशि मय ब्याज के अदा करने हेतु उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रार्थी के नाम से नोटिस जारी किये गये तथा नोटिस प्राप्ति/सूचना के पश्चात् भी अप्रार्थीगण द्वारा ऋण राशि मय ब्याज दिनांक 09.11.2021 तक 12,46,425/- रूपये भुगतान नहीं करने पर प्रार्थी बैंक ने अप्रार्थीगण के द्वारा बतौर जमानत रहन/हाईपोथिकेशन रखी गई सम्पत्ति का कब्जा प्रार्थी बैंक को सम्भलाने हेतु यह प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया तथा प्रार्थीपक्ष को सुना। प्रार्थी बैंक/वित्तीय कम्पनी द्वारा अप्रार्थीगण को राशि रूपये 9,00,000/-हाउसिंग ऋण सुविधा प्रदान की है तथा अप्रार्थीगण बतौर प्रतिभूति उक्त जायदाद प्रार्थी के पक्ष में रहन रखी एवं अप्रार्थीगण से दिनांक 09.11.2021 तक 12,46,425/- रूपये वसूल किये जाने है। अप्रार्थीगण को नोटिस भी जारी किये गये तथा नोटिस प्राप्ति/सूचना के पश्चात् भी अप्राथीगण द्वारा देय राशि का भुगतान नहीं किया है। "दी सिक्युराईटेशन एवं रिकन्सट्रक्शनऑफ फाईनेन्शियल एस्सेट्स एण्ड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटीइन्ट्रेस्ट (सेकण्ड) एक्ट, 2002" की धारा 14 में उक्त रहन रखी गई सम्पत्ति को प्रार्थी बैंक के कब्जे में दिलाये जाने का स्पष्ट प्रावधान है। अतः उपरोक्त तथ्यों के सन्दर्भ में प्रार्थी का प्रार्थना-पत्र स्वीकार किया जाकर अप्रार्थीपक्ष द्वारा प्रार्थी बैंक/कम्पनी के पक्ष में प्रतिभूति के रूप रखी गई अपनी उक्त जायदाद **रेखा पत्नी राजेन्द्र टाक** की जायदाद **पटटा नंबर 60, ग्राम पंचायत मंथानियॉ, पंचायत समिति ओसियां, जिला जोधपुर ग्रामीण जिसका क्षेत्रफल 2400 वर्गफीट जिसके उत्तर में संतोक राम मकान, दक्षिण मे भॅवर राम का मकान, पूर्व में रोड एवं पश्चिम में भॅवर लाल का मकान आया हुआ,** का कब्जा अप्रार्थीगण से प्राप्त कर जरिये संबंधित पुलिस, प्रार्थी को सम्भलाये जाने का आदेश दिया जाता है। आदेश की प्रति संबंधित थानाधिकारी एवं प्रार्थी बैंक/कम्पनी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाय।

आदेश आज दिनांक 16-12-2024 को सुनाया गया।

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर (ग्रामीण) राज.

जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर ग्रामीण

**जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर (ग्रामीण) राज.**